सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, रविवार 28 अप्रैल 2026, वर्ष 10, अंक 15 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# साइबर ठगी पर पुलिस का शिंकजा, दो को मौके से दबोचा





JAMALUDDIN ANSARI
Case No. 53/2024
CCPS CID, JHARKHAND



SAJID ANSARI
Case no. 53/2024
CCPS CID, JHARKHAND

**रांची।** साइबर पुलिस ने 2.09 लाख रुपये के अवैध हस्तांतरण मामले में दुमका व देवघर से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के दुबराजपुर स्थित खुटोजोरी बड़ा टोला निवासी साजिद अंसार व देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र के बामनडीहा पंचायत बगडबरा का जमालुद्दीन अंसारी शामिल हैं। इन आरोपितों के पास से पांच मोबाइल, छह सिमकार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम व एक पैनकार्ड की बरामदगी हुई है।20 फरवरी को साइबर अपराध थाने में एक पीड़िता ने अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने दर्ज शिकायत में बताया था कि साइबर अपराधियों ने मीशो एप कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बनकर अव्वल डेस्क एप डाउनलोड करवाकर कुल दो लाख, छह हजार 496 रुपये विभिन्न खाताओं में हस्तांतरित करवा लिया। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया।साइबर अपराध थाने की पुलिस ने छानबीन में पाया कि गिरफ्तार आरोपित वेबसाइट पेज बनाने वाले वेबसाइट सर्विसेज जैसे विक्स डॉट काम, हाप्प डॉट बायो, लिंक फोरेस्ट, गूगल फायर बेस, कैंपसाइट डॉट बायो आदि का प्रयोग कर कस्टमर केयर कंप्लेंट्स, ऑनलाइन कंप्लेंट्स, कस्टमर केयर 24 गुणा सात साल्यूशन के नाम पर वेब पेज बनाते थे। इसमें वे फर्जी नंबर डाल देते थे। इसके बाद वह इन वेब पेज को गूगल एड्स के माध्यम से गूगर में डाल देते थे।हाप्प डॉट बो/अमित-अग्रवाल नाम के वेब पेज में कस्टमर केयर नंबर 9679863481, लिंक फोरेस्ट डॉट वेब डॉट एप/ऑनलाइन कंप्लेंट नाम के वेब पेज में कस्टमर केयर नंबर 9193571436, 9193571436 डाला। इसी प्रकार कंपोजिट डॉट बायो/ऑनलाइन सपोर्ट कंप्लेंट्स में कंस्टमर केयर का नंबर 8180084431 डाला। इन सभी वेब पेज को अभियुक्तों ने बनाया है, जिसमें कस्टमर केयर के नाम पर फर्जी नंबर डाला है। रांची। साइबर पुलिस ने 2.09 लाख रुपये के अवैध हस्तांतरण मामले में दुमका व देवघर से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के दुबराजपुर स्थित खुटोजोरी बड़ा टोला निवासी साजिद अंसार व देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र के बामनडीहा पंचायत बगडबरा का जमालुद्दीन अंसारी शामिल हैं। इन आरोपितों के पास से पांच मोबाइल, छह सिमकार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम व एक पैनकार्ड की बरामदगी हुई है।

## दुर्गापुर में हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान ममता बनर्जी को लगी चोट. वह हेलिकॉप्टर के भीतर ही गिर गईं.



**ब्यूरो, कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गई हैं। शनिवार दोपहर पश्चिम बर्द्धमान जिले के दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह लड़खड़ाकर गिर पड़ीं।यह घटना तब हुई जब ममता लोकसभा चुनाव को लेकर रैली के लिए आसनसोल के कुल्टी जा रही थीं। हालांकि, इस घटना के बाद भी ममता कुल्टी गईं और उन्होंने वहां आसनसोल से तृणमूल प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में रैली को संबोधित किया।ममता के साथ मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर में बैठते वक्त संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह गिर गईं। वह ठीक हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि सीएम अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलीकॉप्टर के गेट पर उनका पैर फिसल गया और वो गिर गईं। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाल लिया, लेकिन उनके पैर में हल्की चोट लगी हैं। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा को जारी रखा।सनद रहे कि इसके पहले ममता बनर्जी बीते 14 मार्च को कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने घर में चोटिल हो गई थीं। सीएम अपने आवास में टहलने के दौरान गिर गई थीं, जिससे उनके सिर पर गहरी चोट लगी थी। इसके बाद भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे।

## प्राधिकरण में बह रही है उल्टी गंगा, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जानिए ऐसा क्यों

खबर उत्तराखंड के सबसे भ्रष्ट विभाग मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण से है जहा पर इनदिनों खुलेआम भ्रष्टाचार का बोलबाला है। और लगातार खुलासे भी हो रहे है। जैसा की आपने पढा की उल्टा चोर कोतवाल को डांटे दरसल ये कहावत इन दिनों एमडीडीए पर सटीक बैठती है ऐसा हम नहीं कह रहे है बल्कि इस पूरी खबर पढने के बाद भी आप यही यही कहेंगे की यहाँ तो खुलेआम उल्टी गंगा बह रही है। दरसल ताजा मामला सामने आया है की विभाग ने पहले अपनी नाकामी और घूसखोर अधिकारियों को बचाने के लिये फाइलों के एक्सेस पर रोक लगाई उसके बाद मन नहीं भरा तो घूसखोर अधिकारियो के कुकर्मो के खुलासा करने वाले पत्रकार के ऊपर गलत तथ्यों के आधार पर फर्जी मुकदमे में फसाने की तैयारी में जुट गए। लेकिन यही पर उनसे चूक हुई और खुद ही मामले में उलझ





गए। दरसल जानकारी के लिए आपको बता दे की किसी के निजी नक्शे को किसी भी खबर में नहीं दर्शाया गया है। खबरों में सिर्फ नकशो का नंबर एंव नक्शा पास करते वक्त जो गलतिया बताई गयी है खबर में जिक्र किया गया है। समस्त नक्शे है व्यवसायिक है एवं वहा पर जनता का आवागमन प्रतिबंधित नहीं है तो ऐसी स्तिथि में निजता का सवाल ही पैदा नहीं होता ऐसा लगता है की शिकायतकर्ता को दबाने के लिए एमडीडीए के अधिकारियो ने बडी हडबडी में ये कारनामा कर दिया अगर इतनी ही तत्परता वीसी साहब द्वारा अपने घूसखोर अधिकारियों के खिलाफ दिखाया जाता तो शायद देहरादून में अवैध निर्माणों पर रोकथाम हो पाता। शिकायतकर्ता के द्वारा अवैध प्लाटिंग की शिकायत वीसी साहब को एक महीने पहले ही की गयी थी लेकिन उसपर कोई कार्यवाई नहीं की गयी बल्कि विभाग के ही घूसखोर अधिकारी ने अवैध प्लाटिंग कर रहे है भू माफिया को शिकायतकर्ता का नंबर देते हुए दबाव बनाने की कोशिश की और शिकायत वापस लेने के दवाब भी बनवाये गए वीसी साहब से बडा सवाल यही है की क्या अबतक कितने शिकायतकर्ताओं के खिलाफ इस तरह के फर्जी मुकदमे करवाने की धमकी दिया गया है और कितने मामलो में लीपापोती हुई है इसका जवाब वीसी साहब को देना चाहिए क्या हमारी यही गलती है की हमने दबाव/प्रलोभन में ना आकर लगातार हम खबरों के माध्यम से खुलासा करते रहे। जिस सहायक अभियंता और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ प्राधिकरण को करोडो रूपये के राजस्व की हानि की सबूतों के साथ शिकायत की जा चुकी है उनके खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं की गयी ईमानदार मुख्मंत्री की जीरो टॉलरेंस की निति को पलीता लगाते पुरे घूसखोर अधिकारी । हालांकि मामले में आगे क्या होगा ये तो भविष्य के गर्भ में तय है लेकिन एक बात तो तय है की हमारी कलम इन घूसखोर अधिकरियों से डरने वाला नहीं है और हम डंके की चोट पर खबर आपतक पहुंचाते रहेंगे देखना है कबतक और कौन कौन से हथकंडे अपनाकर विभागीय अधिकारी लोगो को गुमराह करते रहेंगे भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी मुहीम जारी है जल्द ही पढिए एक और बडा खुलासा

## रांची में बर्ड फ्लू, दो डॉक्टर समेत छह संक्रमित, किया गया क्वारंटाइन





**रांची** : राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किये हैं, जिसकी जांच की जायेगी।जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गये हैं। डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

## कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील लड़ेंगे चुनाव



**मुंबईः** कई हाईप्रोफाइल केसों के विशेष अभियोजक रह चुके हैं उज्जवल निकम उज्जवल निकम 2008 में मुंबई आंतकी हमले में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर थे. उन्होंने न सिर्फ आतंकी अजमल कसाब को फांसी के फंदे तक पहुंचाया बल्कि साल 2016 में इस हमले में शामिल आंतकी डेविड हेडली से भी जिरह की थी. ।मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से भाजपा ने इस बार उज्ज्वल निकम को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने इस सीट से पूनम महाजन का टिकट काटा है। मशहूर वकील उज्जवल निकम का नाम तब खूब उछला था, जब उन्होंने आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उज्जवल निकम सरकारी वकील थे। निकम ने 26/11 हमले के अलावा गुलशन कुमार मर्डर केस, मुंबई बम ब्लास्ट केस एवं गेटवे ऑफ इंडिया ब्लास्ट जैसे कई केस लड़े हैं। महाराष्ट्र के जलगांव शहर के एक मराठा परिवार से ताल्लुक रखने वाले मशहूर वकील निकम को अब भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, कांग्रेस ने धारावी विधायक वर्षा गायकवाड़ को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से मैदान में उतारा है। मुंबई में 20 मई को मतदान होना है॥

## झारखंडः सभी जिलों में 30 अप्रैल तक हीटवेव का असर



**रांची** :-झारखंड के लगभग सभी डिग्री सेसि के पार पहुंच गया है। तापमान 40 डिग्री से कम रहा। सेसि या इससे अधिक चल रहा बढ़ने के साथ ही गर्मी का एहसास पूर्वानुमान है कि 27 से 30 अप्रैल जिलों का अधिकतम तापमान 40 मात्र छह जिलों का ही अधिकतम न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री है. इस कारण लोगों को सुबह धूप हो रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र का तक पूरे राज्य में हीट वेव चल सकती है. इस दौरान राजधानी सहित अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि या इसके आसपास रह सकता है.।मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के करीब पहुंच गया।

## दक्षिणी राज्यों में जलसंकट की स्थिति गंभीर



दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है।

यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

## लोकसभा चुनाव में यह रेलवे स्टेशन बनेगा मुख्य मुद्दा



**संवाददाता, चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित बंडामुंडा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के बाद से अधिकतर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव ना होना इस बार के लोकसभा चुनाव का मुख्य मुद्दा बन सकता है।बंडामुंडा रेलवे कॉलोनी दक्षिण पूर्व रेलवे कॉलोनी के सबसे बड़े रेल कॉलोनी होने के साथ ही बंडामुंडा रेलवे यार्ड भारतीय रेलवे में तृतीय रेलवे यार्ड का मान्यता प्राप्त किया है। बावजूद इसके रेलवे प्रशासन तथा केंद्र सरकार के अनदेखी के कारण इस स्टेशन पर निर्भर लाखों लोग लंबे समय से कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं।गौरतलब है की यहां से रोजाना लगभग हजारों यात्री ट्रेनों में सफर करते हैं। रेल नगरी के नाम से परिचित बंडामुंडा में रेलवे विभाग में कार्यरत ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी बाहरी राज्यों से है। जिन्हे पिछले तीन सालों से ट्रेन पकड़ने के लिए सात किलोमीटर दूर राउरकेला रेलवे स्टेशन को जाना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने स्थानीय भाजपा नेता समेत रेलवे प्रशासन से ट्रेनों के ठहराव के लिए कई बार गुहार लगा चुके है। लेकिन केंद्र सरकार को बंडामुंडा की जनता सहित उसी के रेलकर्मी और उनके परिजनों की समस्या नजर नहीं आई।कोरोना काल से पहले बंडामुंडा रेलवे स्टेशन पर समलेश्वरी एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस, इस्पात एक्सप्रेस, टाटा एलेप्पी, धनबाद एलेप्पी, कुर्ला एक्सप्रेस, तपस्वनी एक्सप्रेस समेत छह जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता था।जो की पिछले तीन साल से बंद पड़ा हुआ है। फिलहाल बंडामुंडा रेलवे स्टेशन पर इस्पात एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेन ही रुक रही है। कोरोना काल में बंडामुंडा रेलवे स्टेशन पर यह कहकर यात्री ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था कि यहां पर यात्रियों के सैंपल लेने के लिए प्रबंध नहीं हैं।

कोरोना खत्म हो गया लेकिन ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं हो पाया। जिस कारण क्षेत्र के ज्यादातर लोग केंद्र सरकार की इस हरकत से बेहद नाराज हैं। क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है की अब केंद्र सरकार को आईना दिखाने का वक्त आ गया है। क्षेत्र के लोगों में केंद्र सरकार के प्रति रोष देखने को मिल रहा है।

अलग पहचान



# अधिसूचना जारी होने के पूर्व निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में किये जानेवाले कार्यों को लेकर पूर्वाभ्यास

**रांचीः** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी होगी। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा तैयारियों की समीक्षा करते हुए पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में संपादित किये जाने वाले कार्य को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र, श्री राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र, श्री उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र श्री राम नारायण सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में पूर्वाभ्यास**
**भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश**
**समाहरणालय परिसर का भ्रमण कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा ने व्यवस्था का लिया जायजा**
**ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 202 को बनाया गया निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष**
**कमरा संख्या 312 (ब्लॉक-ए) से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे अभ्यर्थी**

**भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी-बारी से निर्वाची पदाधिकारी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मचारियों से उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली गयी। उन्होंने सभी से भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों से किस तरह दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं और आगे की कार्रवाई किस प्रकार की जानी है इसे लेकर सभी को उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने व्यवस्था का लिया जायजा**

नामांकन के दौरान सामाहरणालय परिसर में किस तरह की व्यवस्था की गई है। इसका भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जायजा लिया गया। समाहरणालय मुख्य द्वार से लेकर निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष तक की जाने वाली व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सुरक्षा के होंगे व्यापक प्रबंध**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी। पदाधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अनावश्यक रूप से समाहरणालय परिसर में भीड न लगे। मीडियाकर्मियों के लिए बैठने की व्यवस्था, विभिन्न स्थानों में बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, ध्वनि विस्तारक यंत्र, लिफ्ट एवं लाइट की व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी और नजारत उप समाहर्त्ता को पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**कमरा संख्या 202 को बनाया गया निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष**

रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन करने की अंतिम तारीख को अपराह्न 3:00 बजे के बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

**कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे अभ्यर्थी**

29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। कार्यालय अविध (सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा।

**पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

नामांकन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय परिसर एवं आसपास पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। निम्न स्थानों पर पदाधिकारियों एवं दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है-

1. समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-ए) के समीप
2. समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-बी) के पास
3. समाहरणाल परिसर ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी मोड पर (ड्रॉप गेट)
4. ब्लॉक ए का मुख्य प्रवेश द्वार
5. उपायुक्त कार्यालय कक्ष के समीप कमरा संख्या 201 के बाहर
6. उपायुक्त के सभा कक्ष कमरा संख्या 207 के समीप
7. मुख्य गेट के बाहर एवं आस पास कचहरी रोड (एसबीआई के सामने)
8. कचहरी चौक
9. कमिश्नरी ऑफिस चौक

प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को 29 अप्रैल 2024 से 09 मई 2024 तक प्रतिनियुक्ति स्थल पर सुबह 9:00 बजे से योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के आलोक में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची को आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए एफएसटी/वीएसटी की टीम की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

## 30 जून से पहले होल्डिंग टैक्स भरने पर 10 परसेंट तक छूट

रांची। नगर निगम ने हाउस होल्डर्स को एडवांस टैक्स भरने पर डिस्काउंट देने की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त पेमेंट 30 जून 2024 तक करने पर टैक्स पेयर को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। निगम ने शहर के लोगों से ऑनलाइन या ऑफलाइन एडवांस होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की है। निगम क्षेत्र में बडी आबादी रहती है। 53 वार्डों में सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर निगम में रजिस्टर्ड हैं। कुछ को छोड कर सभी हाउस होल्डर होल्डिंग टैक्स नगर निगम में जमा कराते हैं। धार्मिक स्थलों को इससे छूट है, पर सरकारी भवनों से भी नगर निगम सालाना टैक्स वसूलता है।




ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर कर की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर 7.5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। डोर-टू-डोर टैक्स कलेक्टर के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। टैक्स भरने का सिलसिला तो सालों भर चलता है, पर निर्धारित समय पर टैक्स जमा करने पर रियायत भी दी जाती है।

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**रांची:** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने के चलते वे पार्टी से नाराज चल रहे थे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रामटहल चौधरी ने यह जानकारी साझा की। उन्होंने मीडिया से कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। चौधरी ने बीते 28 मार्च को कांग्रेस पार्टी का दमन थामा था।

चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम



अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है।

चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी INDIA गटबंधन में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी।

## राहुल गांधी का प्रस्तावित रैली को लेकर जनसभा स्थल का निरीक्षण

**रांची:** आगामी माह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला जिले के बसिया में जनसभा को लेकर स्थल निरीक्षण किया और प्रस्तावित रैली को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया, स्थल निरीक्षण के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, महिलाओं,



आदिवासियों के बीच राहुल गांधी जी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है, जनता को भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही उनका दर्द को कम कर सकती है। बीजेपी के पास केवल धन-बल है, नैतिक बल नहीं है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस सहित इंडिया एलायंस की जीत की संभावना है। सभी सीटों पर जीत की संभावना बताते हुए कहा कि गांव के लोग महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाना चाहते है और यही कारण है कि लोगों को भरोसा कांग्रेस और इंडिया एलायंस के पक्ष में है। रैली स्थल निरीक्षण के दौरान अमुल्य नीरज खलखो, रवीन्द्र सिंह, मानस सिन्हा गुमला जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रौशन बरवा सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

## सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने पकरी बरवाडीह माइंस का किया दौरा

**रांचीः** केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण (सीईआरसी) के अध्यक्ष, श्री जिष्णु बरुआ, आईएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में एक सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने 25 अप्रैल,2024 को कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची का दौरा किया।

शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी और अध्यक्ष (एनएमएल) ने प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और जयशंकर श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी की गरिमामय उपस्थिति में सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल को खनन में आने वाले संचालन और चुनौतियों से अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की। सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी की फ्लैगशिप परियोजना, हजारीबाग में पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने खनन कार्यों का अध्ययन करने के लिए एनटीपीसी कोयला खदानों का दौरा किया। इस दौरे में पकरी बरवाडीह खान का ऑपरेशन और ओवरबर्डन (ओबी) क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महिला डंप चालक से बातचीत की और उन्हें अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीईआरसी टीम ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के बैनर तले हाल के दिनों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और शानदार प्रदर्शन हासिल करने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।प्रतिनिधिमंडल दल में अरुण गोयल, सदस्य (वित्त), प्रवास कुमार सिंह, सदस्य (कानून), हरप्रीत सिंह प्रूथी, सचिव, राजीव पुष्करणा, प्रमुख, वित्त प्रभाग, डॉ. एस के चटर्जी प्रमुख, नियामक मामले शामिल थे।

अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल), फैज़ तैयब, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, रजनीश रस्तोगी, सीजीएम (एचआर), कॉर्पोरेट वाणिज्यिक टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख दौरे के दौरान मौजूद थे।

## ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित



**कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंः सुबोधकांत सहाय**
**विधायक राजेश कच्छप ने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क करने का दिया निर्देश**
**यशस्विनी सहाय भी बैठक में हुईं शामिल**

**रांचीः** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। श्री सहाय शनिवार को ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत मुन्ना पतरा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों को जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना है और लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया।

मौके पर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिस सूचित करने की दिशा में कार्य करना है उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस प्रत्याशी को व्यापक जन समर्थन दिलाने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सभी कार्यकर्ताओं से तन मन से धन संपर्क अभियान में जुट जाने की अपील की।

बैठक में ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार, जिला सचिव प्रेमनाथ मुंडा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बलराम महतो, जिला महिला सचिव सुधा देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना मुंडा, ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शफीउल्लाह अंसारी, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, महिला अध्यक्ष अनीता देवी, मुखिया दशनी मिंज, कांग्रेस पार्टी के अशफाक अंसारी, तौहिद आलम, बलराम बेदिया, अनाम अंसारी, सुनील उरांव, देवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची में स्कूल बस पलटी, 15 बच्चे घायल; अभिभावकों ने लगाया आरोप

**रांची।** *मांडर प्रखंड से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक एक स्कूल बस पलट गई है। जिससे कई बच्चे घायल हो गये हैं। बताया जा रहा है कि एक की स्थिति गंभीर है। जिसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना शनिवार सुबह 7 बजे के आस पास की बताई जा रही है। बस मांडर के तुंद के पास पलटी है। फिलहाल घटना को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं आई है कि बस आखिर पलटी कैसे। इस घटना को लेकर मांडर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि बस हादसे में लगभग 15 बच्चे घायल हो गए। सभी पास के मिशन अस्पताल में निगरानी में हैं। एक बच्चे के सिर में




चोट लगी है और उसका सीटी स्कैन किया जा रहा है।वहीं, इस घटना को लेकर बच्चे के माता-पिता का आरोप है कि बस तेज रफ्तार में थी और दुर्घटना के वक्त ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था। इस वजह से बस हादसे का शिकार हुई।

अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि शनिवार को बस 45 मिनट लेट आई थी। ऐसे में समय की भरपाई के लिए ड्राइवर तेज गति से गाड़ी चला रहा था। साथ ही वह फोन पर किसी से बात भी कर रहा था।

इस घटना के बाद से पुलिस एक्टिव है और मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना के बाद से बस चालक मौके से फरार हो गया है। आरोपित बस ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने अंतरिम बेल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन अपने चाचा की अंत्येष्टि में शामिल नहीं हो पायेंगे। दरअसल, शनिवार को उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा



के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम बेल भी मांगी थी। इस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। बता दें कि शनिवार की सुबह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बडे भाई राजा राम सोरेन की मृत्यु हो गयी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम बेल मांगी।

## झारखंड में चौथे चरण में मतदान होना है

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण में मतदान होना है। प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये पर्चों की भी जांच कर ली गयी है। ऐसे में स्क्रूटनी के बाद कुल 47 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं, कुल 65 उम्मीदवारों ने झारखंड के पहले चरण के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 18 अयोग्य साबित हुए। हालांकि, 29 तारीख तक नाम वापस लेने की तिथि है। 29 तारीख के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो जायेगी कि कितने प्रत्याशी मैदान में हैं। गौरतलब है




कि झारखंड में पहले चरण में कुल 4 सीटों पर मतदान होना है। कुल 47 उम्मीदवार मैदान में सीटों के हिसाब से बात करें तो सिंहभूम से कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 7 अयोग्य पाये गये। ऐसे में अब 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। पलामू से 11 लोगों ने पर्चा भरा था। यहां कोई भी अयोग्य पाया नहीं गया है। वहीं खूंटी से 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से 9 का नाम रद्द कर दिया गया। अब 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोहरदगा से 17 लोगों ने पर्चा दाखिल किया था। 2 अयोग्य पाये गये। अब 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। ऐसे में 65 में से केवल 47 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।

# चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू*

**पारदर्शी मतदान के लिए आयोग तत्पर: के रवि कुमार**
**फेक न्यूज पर हो रही लगातार निगरानी**




**रांची**: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि चैथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उनहोंने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी, ताकि शत प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए ए०एस०डी० (आफसेंट, सिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है, ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे, ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। वहीं सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालिंटियर के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालिंटियरों का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कारवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

# पीजी एग्जाम फीस बढ़ोतरी को लेकर छात्र आजसू ने किया कुलपति का घेराव कुलपति बोले विचार कर छात्र हित मे लेगे फैसला।

**विश्वविद्यालय प्रशासन की मनमानी नहीं चलने देगा आजसू अभिषेक शुक्ला।**
**बढ़ी हुई परीक्षा शुल्क वापस ले विश्वविद्यालय: अभिषेक शुक्ला।**



**रांची** ।दिन शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने पीजी परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराओ किया ।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क काम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था लेकिन परीक्षा शुल्क कम होने के जगह बढ़ा दिया गया जो छात्र छात्राओं के हित मे किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है, यह निर्णय गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे तबके के छात्र छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है।

मौके पर मौजूद छात्र आजसू के प्रियांशु शर्मा ने कहा की अगर छात्र हित मे अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने कहा की इस मामले पर घमबीरता से विचार करते हुए छात्र हित मे उचित निर्णय लिया जाएगा।

घेराव में मुख्य रूप से: रोहित चौधरी, मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, अकाश अनमोल, विशाल कुमार यादव, साहिल अनमोल, सैफ, दानिश, प्रभात के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

# नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाया = संजय सेठ





**रांची।**रांची के सांसद संजय सेठ ने आज सील्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नवाडीह, घाघरा पराहातु मे जनसंपर्क अभियान चलाया

सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है । आज के इस कार्यक्रम में धीरज महतो, दिलेश्वर कोयरी ,परीक्षित मंडल, सृष्टिधर् महतो, बिंदेश्वरी देवी हरेंद्र प्रमाणिक भागीरथ महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, वरुण कुमार हाजरा ,मानिकचंद महतो ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डोरंडा ओल्ड जेवेरियंस ने लगाया रक्तदान शिविर



**रांची**: संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों का संगठन, डोरंडा ओल्ड जेवेरियंस (डॉक्स)ने शनिवार को स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। डॉक्स के सचिव, जयेश सिन्हा ने ये जानकारी दी कि शिविर में पचास यूनिट रक्त जमा किया गया। आज का रक्तदान शिविर थैलेसीमिया से पीडित बच्चों के लिए किया गया था जिनका इलाज सदर अस्पताल के देखभाल केन्द्र में हो रहा है। लाइफ सेवर्स रांची के पूरी टीम ने डॉक्स का साथ दिया और रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहभागी थे।

डॉक्स के अध्यक्ष, जसमीत सिंह कलसी ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। रक्तदान करने वालों में डॉक्टर नितेश प्रिया, आशीष बुधिया, उत्सव पाराशर ,जयेश सिन्हा, राहुल भाटिया, आलोक मिनोचा , सुयश खेमका, रोहन भाटिया, अतुल गेरा , डॉ रितेश रंजन, सुम्मी मधुकर, रजनीश सिन्हा, डॉ राशि श्याम, रजत श्याम, ऋषि रंजन, अभिजीत सिन्हा, तीर्थंकर बोस, अरबाज रहमान, मनीष शर्मा, अभिषेक नरसरिया, विशाल पाटोदिया, टैन प्रिंस कोहली, गौरव महेश्वरी एवं अन्य डॉक्स सदस्य शामिल थे। रक्तदान शिविर के संयोजक मनप्रीत सिंह आनंद और तीर्थंकर बोस थे।

# बर्ड फ्लू को लेकर केन्द्रीय टीम के साथ बैठक

**उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की बैठक**
**बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श**
**संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों से केन्द्रीय टीम संतुष्ट**





**रांची।** बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की बैठक हुई। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 01-10 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01-10 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन/ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।

केन्द्रीय टीम द्वारा बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। आपको बतायें कि क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि हुई है, इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

# लूट के जेवरात, ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**रांची** पुलिस को सफलता मिला। नशा कारोबार के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। कारवाई के दौरान हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में मारवाड़ी कॉलेज के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने मगरा उर्फ मो. गुड्डू नाम के युवक को पकड़ा गया । मगरा के पास से पुलिस ने लूटा हुआ सोने का एक चैन, तीन पीस मंगलसूत्र, 85 ग्राम गांजा और कान की बाली बरामद किया।वहीं सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार थाना क्षेत्र से 37.50 ग्राम अफीम और 10.66 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ नजरूल आलम और अरशद अयूब को गिरफ्तार किया।एसएसपी चंदन सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को पीसी कर इसकी जानकारी दी।

# पुलिस ने 2 दबोचे, फलों के बीच छुपाकर करते थे तस्करी




**संवाददाता**, रांची। रांची पुलिस ने शनिवार को अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो आरोपित नजरूल आलम और अरशद अयूब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों के पास से साढ़े 37 ग्राम अफीम और साढ़े दस ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है।इसके अलावा तीन मोबाइल और 32 हजार रुपये बरामद किये गये। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि दोनों तस्कर हिंदपीढ़ी इलाके में रहते हैं। लोअर बाजार थाना की पुलिस ने दोनों आरोपितों को पकड़ा है। नजरूल का मोरहाबादी में फल की दुकान और मेन रोड में गोदाम है।

दुकान से कम मात्रा में जबकि गोदाम से अधिक मात्रा में अफीम और ब्राउन शुगर बेचता था। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे चतरा और खूंटी से फलों के बीच अफीम और ब्राउन शुगर छुपाकर लाते थे।एसएसपी ने नशा की रोकथाम के लिए एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने इस वीडियो के इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी पुलिसकर्मियों को दी है। उन्होंने वाट्सअप नंबर 9153886238 जारी कर लोगों से नशे से संबंधित जानकारी भेजने की अपील की है।

साथ ही हिदायत दी है कि वे ऐसी जगहों पर जाकर लाइव लोकेशन भेजने से बचें। वहीं ऐसी जगहों पर तब जाएं जबकि वहां तस्कर ना हों। लाइव लोकेशन भेजने के दौरान सतर्क रहें।

साथ ही कहा कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस वीडियो को रांची पुलिस के ट्विटर हैंडल से भी शेयर किया गया है।रांची पुलिस ने पिछले 117 दिन में अफीम, गांजा, ब्राउन शुगर और डोडा का कारोबार करने वाले 100 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिनसे लगभग 15 करोड़ रूपये का अफीम, ब्राउन शुगर व गांजा बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि अब नशा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा रांची पुलिस नशा के लिए खिलाफ एक अभियान की शुरूआत कर रही है। इस अभियान का नाम एक युद्ध नशे के विरूद्ध है। इस अभियान से ज्यादा से जयादा लोग जुड़ें। राजधानी को अफीम, ब्राउन शुगर, गांजा और डोडा से मुक्त किया जाएगा।

अलग पहचान



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ करने के दिए निर्देश**

**वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील**





**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# पेयजल को ले आर-पार की होगी लड़ाई :- देबू महतो



धनबाद वार्ड ने २५ के जे सी मल्लिक रोड स्थित आर एन महतो लेन तेलीपाड़ा पाल नगर मांझी थान गली शिमलडीह इत्यादि क्षेत्र में मे पानी की घोर किल्लत विगत माह से झेल रहे मुहल्ले वासियों ने आज धौर्य टुटता हुआ नजर आया Excutive officer PHED मिलकर अपने क्षेत्रों की पानी की आपूर्ति के सबंध में बाते को रखकर २४ घंटे की अल्टीमेटम दे डाली इसके बाद धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ को अनिश्चित कालिन के लिए जाम करने की निर्णय ले लिया है प्रतिनिधि मंडल में शामिल झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने बताया कि जिला,नगर प्रशासन तथा संबधित वरीय व कनिय पदाधिकारी को सुचना के उपरांत भी २४घंटे मे समस्या की समाधान नही होता है तो मुहल्ले वासियों की ओर से जो भी निर्णय होगा उसे शांति रुप से आन्दोलन किया जाएगा ज्ञात हो कि उक्त संदर्भ में कई बार पत्राचार व प्रदर्शन कर चुके हैं अब पानी के लिए त्राहिमाम से निकलने के लिए आर-पार की लडाई लडी जाएगी मौके पर राजेन्द्र सिह श्यामल दत्ता,सुजीत मुखर्जी कल्याण भट्टाचार्य स्वदेश भट्टाचार्य देवासीश राय मोहित पांडे कल्याण राय कालो साव अरबिन्द झा राजु साव राजु मोदक उत्तम मोदक एवं अन्य मौजूद थे

## धनबाद में अनुपमा सिंह ने ढुल्लू महतो पर साधा निशाना, कहा : "संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं

"धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया।"



धनबाद : धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी व बीजेपी उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा है।

अनुपमा ने कहा, "संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं हैं। वह तो कभी ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को देखना भी नहीं पसंद करेंगी। मेरा चुनाव लड़ने का निर्णय सिर्फ ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को रोकने के लिए है। ढुल्लू महतो अनुपमा सिंह के लिए कोई भी चुनौती नहीं है।"

अनुपमा ने बीजेपी को भी आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा, "इतने सालों से धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया।"

उन्होंने कहा, "धनबाद के लोगों की बेबसी का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि ना ही यहां सुचारू सड़क की व्यवस्था है और ना ही मूलभूत चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई अच्छा अस्पताल है। जनता के हित से जुड़े कई मुद्दे आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं।"

अनुपमा का दावा है कि उन्हें धनबाद के लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में वो जीत का पताका फहराकर रहेंगी।

उन्होंने कहा, "पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो काम किया, उसे बीजेपी ने चंद वर्षों में बर्बाद कर दिया है। जनता का जीना मुहाल हो चुका है।"

## मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।




इसी कड़ी में खान निरीक्षक श्री बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है।

जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# अब नहीं लड़ेंगे धनबाद से लोकसभा चुनाव सरयू राय

**धनबादः** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला टाल दिया है। पहले उन्होंने धनबाद से निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। हालांकि उन्होंने इसके लिए शर्त रखी थी कि कांग्रेस उन्हें समर्थन दे। कांग्रेस ने दिवंगत पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की बहू अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दे दिया। इसके बाद ही सरयू राय ने चुनाव लड़ने का अपना फैसला टाल दिया हैसरयू राय को झारखंड के लोग अपराजेय योद्धा मानते रहे हैं। ऐसा इसलिए कि उन्होंने झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास को निर्दलीय चुनाव लड़ कर पराजित किया था। सरयू राय को इस बात की खुन्नस थी कि रघुवर के कहने पर ही उनका टिकट असेंबली चुनाव में भाजपा ने काट दिया। राय ने अपना क्षेत्र बदल कर तब रघुवर के क्षेत्र से चुनाव लड़ा और उन्हें पराजित किया। उसके बाद से ही लोग मानने लगे थे कि सरयू राय किसी को भी हराने की क्षमता रखते हैं।आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले सरयू राय भाजपा के पुराने नेता रहे हैं। बिहार से अलग होने के बाद उन्होंने झारखंड को अपना कार्य क्षेत्र बनाया। वे जमशेदपुर पश्चिमी से चुनाव लड़ते और जीतते रहे। रघुवर दास जब 2014 के चुनाव में सीएम बने तो सरयू राय उनके कैबिनेट में मंत्री भी रहे। हालांकि मंत्रिमंडलीय सहयोगी होने के बावजूद उनकी कभी रघुवर दास से नहीं पटी। शुरू के एक-दो मौकों को छोड़ दें तो वे लगातार कैबिनेट की बैठकों में शामिल होने से बचते रहे। दोनों के बीच खटास इस कदर बढ़ गई कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरयू राय का टिकट काट दिया। फिर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ कर रघुवर दास को हरा दिया थासरयू राय भले ही जमशेदपुर पूर्वी के विधायक हैं, लेकिन उनका संपर्क धनबाद से भी लगातार बना रहा है। हाल ही में भाजपा ने जब धनबाद से विधायक ढुलू महतो को अपना प्रत्याशी बनाया तो सरयू राय की सक्रियता बढ़ गई। उन्होंने वहां आवाजाही बढ़ा दी। लोगों से मिलना-जुलना शुरू किया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अगर किसी को उम्मीदवार न बनाए तो वे धनबाद से चुनाव लड़ेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी सरयू राय को समर्थन देने की बात कही। हालांकि बंटवारे में धनबाद सीट कांग्रेस के खाते में थी। इसलिए विपक्ष के सहयोग के बावजूद कांग्रेस की मदद उनके लिए जरूरी थी। चूंकि धनबाद से राजपूत बिरादरी के पीएन सिंह लगातार तीन बार सांसद रहे, इसलिए जातीय समीकरण भी सरयू राय के पक्ष में था। पर, कांग्रेस ने अनुपमा सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। उसके बाद ही सरयू राय ने लोकसभा चुनाव लड़ने का इरादा बदल दिया है।



## ज्वलंत सवाल : जब मेघालय में छोटा "बलजेक एयरपोर्ट" बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं?

**धनबाद** : धनबाद में नए हवाई अड्डा का निर्माण की कोई योजना नहीं है। धनबाद के प्रखर समाजसेवी विजय कुमार झा ने जब नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को एक पत्र लिखा था तो पता चला कि धनबाद के लिए धरातल पर एयरपोर्ट निर्माण की कोई योजना नहीं है । जबाब विगत 25 अप्रैल 2024 को अमित कुमार झा, अपर सचिव, भारत सरकार (पत्रांक संख्या: एवी -24032/144 (1 )/2021 -एडी) द्वारा प्राप्त हुआ।



पत्र का अवलोकन करने पर पता चला कि नगर विमानन भारत सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत आज तक मंत्रालय को नहीं दिया गया है यह पत्र सचमुच में चौकाने वाला है।

इस ज्वलंत मुद्दे पर श्री झा ने राज्य सरकार से मांग की है यदि सचमुच में वे धनबाद का विकास चाहते हैं तो हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें। क्योकि धनबाद में स्थल की कमी नहीं है । उन्होंने सवाल भी उठाया है कि जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक एयरपोर्ट बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं ?

# किन्नरों की टोली सड़कों पर गीत गा रहे हैं और अपने गीतों के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं





**धनबाद**:अखिल भारतीय किन्नर समाज ने लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए लोगों को जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से मतदाता जागरूकता रैली निकाली।रोल्स रॉयस कार, बैंड पार्टी, ढोल और किन्नरों की टोली सड़कों पर गीत गा रहे हैं और अपने गीतों के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। सभी किन्नरों ने सफेद रंग की साड़ी पहन रखी थी। किन्नरों ने अपने गीत के माध्यम से यह बताया कि मतदान नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। यह देश के विकास में लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करता है। किन्नरों ने एक वोट के महत्व को भी समझाया।किन्नरों ने कहा कि मतदान के दिन सबसे पहले अपना वोट डालें और फिर अपना काम करें। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। धनबाद लोकसभा सीट से थर्ड जेंडर सुनैना सिंह चुनाव लड़ेंगी। सुनैना सिंह अखिल भारतीय किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष हैं। पीके राय मेमोरियल कॉलेज से स्नातक सुनैना का पालन पोषण अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी ने किया है। सुनैना का कहना है कि उन्हें बचपन से सामाजिक कार्यों में रुचि रही है। समाज और देश के लिए कुछ करने की शुरू से ही इच्छा रही है।

# हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र 26 अप्रैल से मिलना शुरू हो गया है

**हजारीबाग** : लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र 26 अप्रैल से मिलना शुरू हो गया है। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 27 और 28 अप्रैल को अवकाश है इसलिए नामांकन नहीं होंगे।



उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 3 मई तक प्रपत्र भरकर निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता का पालन करने अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित 5 लोग अधिकतम को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों के लिए 3 वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी, आम जनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेंगे।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र भर सकते हैं जिसकी समाधि 11:00 से शाम 3:00 बजे तक रहेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र दाखिला, समीक्षा, नाम और निर्वाचन प्रतीक आवंटन कार्य का संपादन के लिए 26 अप्रैल से 6 मई तक समाहरणालय भवन परिसर के 200 की परिधि में धारा 144 लागू रहेगा।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 एसएसटी का गठन

# 29 अप्रैल को की जाएगी अधिसूचना जारी

**धनबाद।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है।

इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी।

एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम (वीएसटी) करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

अलग पहचान



# लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ हो शामिल, पांच साल में एक बार आता है यह पर्व

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से पढ़े, अक्षरशः करें अनुपालन

मतदान के सफल संचालन में पीठासीन पदाधिकारियों की अहम भूमिका, समन्वय के साथ करें काम

प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से सुने, उसी अनुरूप करें दायित्वों का निष्पादन, हर जिज्ञासा को करें पूरा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सेक्टर टू सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सिकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को दिए जा रहे प्रशिक्षण का लिया जायजा, दिया जरूरी दिशा – निर्देश





बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी वन,पी टू एवं पी थ्री) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें, पांच वर्ष में एक बार यह पर्व आता है। कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान कराने का अवसर प्राप्त होता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा – निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है। इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो, सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग होगी। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया।


इससे पूर्व, नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक पंकज दूबे ने काफी सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत, मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया। पीठासीन पदाधिकारियों के बीच लगभग 45 प्रश्न – उत्तर के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण दिशा – निर्देशों की जानकारी दी।

वहीं, विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

# नावाडीह में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी







**मौके से 2,580 केजी जावा महुआ एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट**

**बोकरो**।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दाहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने 2,580 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण – बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# डिस्पैच सेंटर का डीईओ सह डीसी ने किया निरीक्षण

**ईवीएम स्केनिंग कार्य का लिया जायजा, आयोग के दिशा-निर्देशानुसार करें कार्य**



**बोकारो।**सेक्टर आठ स्थित डिस्पैच सेंटर का डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने शनिवार शाम निरीक्षण किया। मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल डीडीसी संजीव कुमार, पोस्टल कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. शफीक आलम, प्रभारी पदाधिकारी पियूष, प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

डीईओ सह डीसी ने विधानसभा वार ईवीएम - वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण कार्य का जायजा लिया। रेंडमाइजेशन के अनुरूप ईवीएम - वीवीपैट के स्केनिंग कार्य को देखा।

उक्त कार्य में प्रतिनियुक्ति अधिकारियों कर्मियों की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने, आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया।

वहीं, ईवीएम - वीवीपैट कमीशनिंग को लेकर हाल में पर्याप्त रौशनी/पंखा/टेबल आदि जरूरी व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

# चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**बोकारो** : लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को बोकारो के सेक्टर 2 सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय में सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिय गया. प्रशिक्षण का जयाजा लेने डीसी विजया जाधव भी पहुंचीं. सेक्टर पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम व वीपीपैट के संचालन का प्रशिक्षण दिया. उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने व संचालन, मॉक पोल आदि की विस्तार से जानकारी दी गई. डीसी ने सेक्टर पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से से जारी मैनुअल को पढ़ें. चुनाव में किसी भी तरह की गलती नहीं होनी चाहिए. पोस्टल बैलेट कोषांग की नोडल पदाधिकारी शेजवलकर ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी. मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया, नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे..।

# इंडी प्रत्याशी विनोद सिंह एक मई को करेंगे नामांकन



**कोडरमा ।** कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह एक मई को नामंकन करेंगे । इस आशय की जानकारी भाकपा माले राज्य कमेरी के सदस्य राजेश यादव ने दी।

बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह बगोदर विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व करने के बाद इस बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाने जा रहे हैं। इंडी गठबंधन ने कोडरमा लोस क्षेत्र को भाकपा माले के खाते में दे दी है। भाकपा माले ने पहली बार बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस तरह से भाकपा माले गठबंधन का कोडरमा लोस का उम्मीदवार बनाए गए हैं। उनके उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा के बाद कोडरमा लोससभा क्षेत्र में सियासी हलचल बढ़ गई है। चुनाव परिणाम की संभावानाओं पर भी चर्चा होने लगी है।

# झामुमो ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** झारखंड में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। इस बीच झामुमो ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। इसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं सीएम चंपाई सोरेन के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश ठाकुर, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भुषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकाश सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू को लिस्ट में शामिल किया गया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चास-चंदनकियारी में किया जनसंपर्क




**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को बोकारो जिले के चास व चंदनकियारी में जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने लोगों से मिलकर समर्थन मांगा।.इस दौरान उन्होंने बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिया और अधिवक्ताओं से अनुपमा सिंह को जीत दिलाने की अपील की. मौके पर अधिवक्ता हरिप्रकाश सिंह, साकेत कुमार सिंह, उदय सिंह, संजय कुमार, आकाश टुडू, सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, विजय कुमार, रामपद गोराई, अमर देव सिंह, दीपिका सिंह, संजीत सिंह, वंशिका सहाय, हसनैन आलम, ओमप्रकाश लाल, ज्योति प्रकाश चौधरी, देवाशिष मंडल, जलेश्वर दास, सृष्टिधर रजवार, रामपद दास आदि मौजूद थे.।

# परिवारवाद वाली सरकार ने राज्य को बनाया खोखला : अमर बाउरी



**गिरिडीह** :झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने शनिवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने लोगों से लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की. इस दौरान उन्होंने बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा, कर्णपुरा, महूआर, छोटकी खरगडीहा, बड़कीटांड और बेंगाबाद पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया. उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को गिनाया. राज्य की महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद वाली सरकार ने राज्य की जनता को धोखा देने का काम किया है. इस सरकार में जल जंगल जमीन की लूट





**चतरा :** संघरी घाटी में पलटी यात्रियों से भरी सिटी राइड बस। दुर्घटना में दो परीक्षार्थी समेत आधा दर्जन यात्री घायल, एक युवती समेत दो यात्री की मौके पर हुई दर्दनाक मौत। चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच 22 पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी ईलाके की घटना। घटना की सूचना पाकर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी विपिन यादव और झामुमों जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति। घायलो को रेस्क्यू कर ईलाज के लिये जिला अध्यक्ष ने अपने निजी और 107 एम्बुलेंस समेत पुलिस की गाडी से भेजा सदर अस्पताल। दुर्घटना के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी। चतरा से यात्रियों को लेकर कुंदा जा रही थी बस। अनियंत्रित होकर संघरी घाटी में हो गई दुर्घटनाग्रस्त।

# कोर्ट ने कहा- दिल्ली सरकार की रुचि केवल सत्ता में और यह है सत्ता का सर्वोच्च अहंकार

**नई दिल्ली। आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री बने रहने के अरविंद केजरीवाल के निर्णय के चलते बेपटरी हुई राष्ट्रीय राजधानी की व्यवस्था पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथ लिया है।पकोर्ट ने कहा- दिल्ली सरकार की रुचि केवल सत्ता में और यह है सत्ता का सर्वोच्च अहंकार**




नई दिल्ली। आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री बने रहने के अरविंद केजरीवाल के निर्णय के चलते बेपटरी हुई राष्ट्रीय राजधानी की व्यवस्था पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथ लिया है।परियोजनाओं में रुकावट और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूली बच्चों को किताबें, वर्दी की आपूर्ति नहीं होने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार व एमसीडी को आड़े हाथ लेते हुए जमकर फटकार लगाई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा न देकर अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखा है।अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की दिलचस्पी सिर्फ सत्ता के विनियोग में है और जमीनी स्तर पर हालात बहुत खराब हैं। अदालत ने कहा कि एक अदालत के तौर पर किताबें, वर्दी बांटना हमारा काम नहीं है। हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कोई अपने काम में असफल हो रहा है। दिल्ली सरकार की रूचि सिर्फ सत्ता हासिल करने में है।

अदालत ने टिप्पणियां तब की जब गैर सरकारी संगठन सोशल जूरिस्ट की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कुछ अनुमोदन की आवश्यकता है और वह आबकारी नीति के संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में हिरासत में हैं।पाठ्यपुस्तकें और वर्दी न मिलने का उठाया मुद्दा

जवाब से नाखुश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आप (दिल्ली सरकार) कितनी शक्ति चाहते हैं, लेकिन समस्या यह है कि आप सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। जनहित याचिका में एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, वर्दी समेत अन्य सामग्री नहीं मिलने का मुद्दा उठाया गया था।

मामले में मंगलवार यानी 23 अप्रैल को को हुई पिछली सुनवाई पर एमसीडी आयुक्त ने अदालत में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होकर सूचित किया था कि केवल स्थायी समिति के पास पांच करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध देने की शक्ति है। पीठ ने तब कहा था कि यदि किसी कारण से स्थायी समिति का गठन नहीं किया जाता है, तो वित्तीय शक्ति दिल्ली सरकार द्वारा एक उपयुक्त प्राधिकारी को सौंपी जानी चाहिए।

**दो कार्य दिवसों में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश**

अदालत ने इस पर अहम टिप्पणियां करते हुए सरकार को दो कार्य दिवसों में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता गैर सरकारी संगठन सोशल जूरिस्ट की तरफ से पेश अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने तर्क दिया था कि एमसीडीस्कूलों में पढ़ने वाले सात लाख छात्रों को कोई किताबें या स्टेशनरी नहीं दी गई है। इसमें से एक टिन शेड में भी चल रहा था, इसलिए बच्चे बेकार बैठे थे।रियोजनाओं में रुकावट और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूली बच्चों को किताबें, वर्दी की आपूर्ति नहीं होने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार व एमसीडी को आड़े हाथ लेते हुए जमकर फटकार लगाई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा न देकर अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखा है।अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की दिलचस्पी सिर्फ सत्ता के विनियोग में है और जमीनी स्तर पर हालात बहुत खराब हैं। अदालत ने कहा कि एक अदालत के तौर पर किताबें, वर्दी बांटना हमारा काम नहीं है। हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कोई अपने काम में असफल हो रहा है। दिल्ली सरकार की रूचि सिर्फ सत्ता हासिल करने में है।

अदालत ने टिप्पणियां तब की जब गैर सरकारी संगठन सोशल जूरिस्ट की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कुछ अनुमोदन की आवश्यकता है और वह आबकारी नीति के संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में हिरासत में हैं।पाठ्यपुस्तकें और वर्दी न मिलने का उठाया मुद्दा

जवाब से नाखुश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आप (दिल्ली सरकार) कितनी शक्ति चाहते हैं, लेकिन समस्या यह है कि आप सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। जनहित याचिका में एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, वर्दी समेत अन्य सामग्री नहीं मिलने का मुद्दा उठाया गया था।

मामले में मंगलवार यानी 23 अप्रैल को को हुई पिछली सुनवाई पर एमसीडी आयुक्त ने अदालत में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होकर सूचित किया था कि केवल स्थायी समिति के पास पांच करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध देने की शक्ति है। पीठ ने तब कहा था कि यदि किसी कारण से स्थायी समिति का गठन नहीं किया जाता है, तो वित्तीय शक्ति दिल्ली सरकार द्वारा एक उपयुक्त प्राधिकारी को सौंपी जानी चाहिए।

**दो कार्य दिवसों में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश**

अदालत ने इस पर अहम टिप्पणियां करते हुए सरकार को दो कार्य दिवसों में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता गैर सरकारी संगठन सोशल जूरिस्ट की तरफ से पेश अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने तर्क दिया था कि एमसीडीस्कूलों में पढ़ने वाले सात लाख छात्रों को कोई किताबें या स्टेशनरी नहीं दी गई है। इसमें से एक टिन शेड में भी चल रहा था, इसलिए बच्चे बेकार बैठे थे।

**बोकारो।**झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो, अनिल कुमार मिश्रा की कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 27.4.2024 को इलेक्ट्रिसिटी एवं N I एक्ट से संबंधित वादों हेतु विशेष लोक अदालत के साथ मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया इस लोक अदालत हेतु व्यवहार न्यायालय बोकारो में तीन बेंच एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में दो बेंच का गठन किया गया था

इस लोक अदालत के समक्ष लाये गए कुल 18341 वादों में से 17445 वादों का आपसी सहमति के आधार पर निष्पादन किया गया जिसमें से इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित 17,313 वाद एवं N. I. एक्ट से संबंधित 100 वादो का निष्पादन किया गया एवं कुल समझौता राशि 5,91,85,587 रुपए हुए ।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# जाटों में मतदान के प्रति कम दिलचस्पी, पं अमरपाल के कारण ब्राह्मण वोटर नल पर नहीं आए, तो मुस्लिमो ने रालोद से किया किनारा

**बागपत किसके मस्तक पर सजाएगा जीत का सेहरा!**

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**





**बागपत।** जनपद के जाट बाहुल्य गांवों या कस्बों में वोटिंग प्रतिशत कम होने तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बढ चढकर मतदान करने के मद्देनजर गडबडा सकता है रालोद का गणित। दूसरी ओर भाजपा सांसद डॉ सत्यपाल सिंह को सच्चा विकास पुरुष मानने वालों ने भी इस बार चुनाव में दिलचस्पी न लेना भी राजनीतिक विश्लेषकों का हिसाब गडबडाता नजर आ रहा है। एक बात ओर,इसे वोटर्स की उदासीनता मानें या बेइंतहा गर्मी का असर, मतदान उस स्तर तक नहीं पहुंच सका ,जिससे रालोद प्रत्याशी या उनके समर्थकों को मतगणना के दिन तक चैन की नींद आती, फिर भी जोड घटा का दौर ख्वाब बुनने में फिलहाल सभी लगे हैं।

यूं तो जनपद में हाथी की मदमस्त चाल और साईकिल की स्पीड तथा गर्मी के कारण नल की जरूरत लोगों को पड़ी रही ,लेकिन मतदान के आंकड़ों की बात करें ,तो जाट बाहुल्य बामनौली गाँव में 8,370 के करीब वोटर हैं, लेकिन दिलचस्पी के अभाव के चलते 47 प्रतिशत मतदाता ही वोटिंग को आए। यह प्रतिशत तो तब हुआ, जब गैर जाट मतदाता वोट डालने आए। इस गांव के लोगों ने कहा कि, भाजपा ने स्वयं अपने पांव में कुल्हाड़ी मारी है। कहा कि, यदि डॉ सत्यपाल सिंह को ही टिकट दिया जाता, तो वोट प्रतिशत काफी बढ जाता। इसी क्रम में बात करें बडौत के जोहड़ी गांव की, ज जहां सपा के सजग एजेंट को बाहर किए जाने तथा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर करीब साढ़े चार घंटे बाद पुनः आने की घटना हुई, वहां भी मतदान प्रतिशत जाट मतदाता तो बढ़ा नहीं पाए, अलबत्ता मुस्लिम व अतिपिछडो सहित ब्राह्मणों ने जमकर वोटिंग करते हुए प्रतिशत पचपन तक पहुंचा दिया।

दूसरी ओर मुस्लिम बहुल रटौल का बात करें , तो अलग अलग मतदान केंद्रों पर यह प्रतिशत 54 से लेकर 60 तक रहा। मतदान स्थल प्राइमरी पाठशाला में कुल वोट 4296 पड़ी वोट 2455 मतदान 57.14,संत मेरी प्राइमरी पाठशाला में कुल वोट 3967 में से 2156 मतदान करते हुए प्रतिशत 54.34 तक पहुंचाया तथा इंटर कॉलेज में कुल 4437 वोटों में से 2670 मतदान कर 60.17 प्रतिशत पहुंचाया। अब यह अंदाज लगाने की बात नहीं है कि, इस कस्बे की टोटल वोट 12700 में से 7281 वोट किसकी ज्यादा हैं।रही बात ब्राह्मण बाहुल्य वाले खेडकी, गाधी, महनवा,ट्योढी,जागोस में जो वोट कभी भाजपा की हुआ करती थी, इसबार साइकिल पर सवार दिखाई दी।वहीं जैन मतदाता वोटिंग के लिए बहुत कम निकल कर आए, बताया कि, वे लोग ज्यादातर इस दिन तीर्थाटन के लिए निकल गए थे। बात असारा, छपरौली , बडौत या बागपत के वोटिंग प्रतिशत से विश्लेषकों को निश्चिंतता भरा रिजल्ट देने में काफी मशक्कत के बावजूद धुधंलका ही नजर आ रहा है, क्योंकि भाजपाई गुर्जर जातिवाद की ओर बढता दिखा, वहीं कश्यप को ईवीएम में कमल नहीं दिखा ,तो उत्साह उतना नहीं रहा, जितना कभी पिछले चुनावों में रहा करता था।

एक बात ओर, इसे संसदीय क्षेत्र के अधिकांश मतदाता स्वीकार करते हैं कि, हार जीत किसी की भी हो, क्षेत्र के विकास की गति रुकेगी नहीं, तो कम जरूर हो जाएगी और विकास को पंख लगाने वाले सांसद डॉ सत्यपाल सिंह की रहनुमाई को तरसता नजर आएगा।

## गढ़ी कलंजरी में हुआ निशुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ, 30 प्रशिक्षुओं ने चुना स्वरोजगार हेतु यह प्रशिक्षण

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



**बागपत** जनपद के गढी कलजरी गांव में निशुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता नरेश वर्मा व सचिन आर्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । अध्यक्षता विवेक शर्मा व संचालन एड रणवीर चौधरी ने किया ।शिविर प्रारंभ होते ही गांव की 30 प्रशिक्षुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश वर्मा ने कहा कि, सिलाई सीखकर बालिका एवं महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और केंद्र पर आकर अनुशासन में रहकर सीखेंगी, तो उनको भविष्य में सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों और प्रशिक्षु बेटियों को बधाई दी।वहीं सचिन आर्य ने कहा कि ,बेटियां घर की शान होती हैं, उन्हें स्वरोजगार के लिए ज्यादा से ज्यादा सीखना चाहिए, ताकि वो भी आगे चलकर महिला सशक्तिकरण की मजबूत मिशाल पेश कर सकें।

इस अवसर पर जिला प्रभारी टीना चौधरी ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी और सभी बालिकाओं व महिलाओं को अनुशासन में रहकर सीखने की नसीहत दी। चेयरमैन एड रणवीर चौधरी ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सविता शर्मा, डॉ क्षितिज अहलावत, अंकिता, नितिन, मेघा, शैली, काजल, कसिस तनु और रिया आदि उपस्थित रहे।

## छत पर आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा होने से टला, लाखों का सामान फुंका

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बडौत।** छपरौली थाना क्षेत्र के जागोस गांव में देर रात करीब 11 बजे एक मकान की छत पर आकाशीय बिजली का हुआ धमाका। तेज रोशनी और आवाज के साथ बिजली गिरने से परिवार के बच्चों व बडों ने जल्दी से बाहर निकलकर स्वयं को सुरक्षित किया, वहीं घर के अंदर अधिकांश बिजली के उपकरण खराब हो गये।

जागोस गांव निवासी बृजमोहन शास्त्री के मकान में छत के ऊपर रखी पानी की टंकी के बराबर में आकाशीय बिजली जैसे ही गिरी, तुरंत ही मकान में सो रहे बच्चों में अफरातफरी मच गई तथा छोटे-छोटे बच्चे घबराकर रोने लगे। इस दौरान लाखों रुपए का कीमती सामान भी आकाशीय बिजली गिरने से फुंक गया, जिसमें पंखे, इनवर्टर ,एलईडी ,बिजली का चूल्हा व अन्य उपकरण शामिल हैं।

जोर की आवाज सुन रात के समय में मोहल्ले के लोग ,बृजमोहन शास्त्री की आवास पर पहुंचे तथा उन्होंने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि ,आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया, अन्यथा यहां बड़ा हादसा भी हो सकता था। ब्रजमोहन शर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि, पूरा परिवार मकान में सो रहा था, अचानक आकाशीय बिजली गिरने की आवाज हुई, तो पूरा परिवार घबरा गया, परिवार के सभी लोग इधर उधर दौड़ने लगे व बच्चे घबराकर चिल्लाने लगे । थोडी देर बाद मोहल्ले के लोग भी घर के पास इकट्ठे हो गए सभी ने जानकारी जुटाई ,मगर बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया।

## उत्सव कुमार ने आईआईटी जेईई मेंस में किया क्वालीफाई

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



बागपत। निकट के कस्बा अग्रवाल मंडी स्थित पैरामाउंट पब्लिक स्कूल के छात्र उत्सव कुमार ने आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा क्वालीफाई कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।उसकी इस उपलब्धि पर संस्था व समाज ने बधाई दी है।

उत्सव कुमार द्वारा परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है और उसे बधाई देने के लिए लोगों का तांता लग रहा हैं।स्कूल प्रबंधक बिजेन्द्र कुमार एवं प्रधानाचार्य शक्ति सिंह ने उत्सव कुमार को शील्ड देकर सम्मानित किया व अन्य छात्र-छात्राओं को मेधावी छात्र उत्सव कुमार से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बिजेन्द्र कुमार ने कहा कि, सभी बच्चो को उत्सव की तरह ही कड़ी मेहनत कर अपनी पढ़ाई लिखाई करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

## बेसहारों का सहारा बन रहे कपिल की टीम ने दो बच्चों के पालन पोषण व पढाई का लिया जिम्मा

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



**बागपत।** बसी गांव के रहने वाले समाज सेवी कपिल, अपने समाज के लिए आए दिन कुछ ना कुछ अच्छा काम करते रहते हैं तथा इंसानियत के नाते समाज के लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा भी करते रहे हैं। इसी क्रम में बेसहारा हुए दो बच्चों के पालन पोषण से लेकर पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी भी उन्होंने ली है।

बताया गया कि, गुराना गांव में जन्मीं कमला देवी की मीतली गांव में धर्मवीर शर्मा से शादी हुई थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनका एक बेटा नरेंद्र की 2016 में बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी। अब कमला देवी ,जो 20 दिन से बीमार चल रही थी, उनकी भी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उसके दो पौत्र हैं, जो अभी बहुत छोटे हैं और पढाई कर रहे हैं। उन बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी कपिल ब्राह्मण और उनके दोस्तों ने उठाई है। उनका कहना है कि, दोनों बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलायी जाएगी।

## गेहूं कटाई में आंख में बाली लगना हो सकता है नुकसान देह, उपचार से बेहतर है सावधानी : डॉ रूमा गुप्ता

संवाददाता शशि धामा



खेकडा।क्षेत्र भर में गेहूं कटाई के चलते बाली लगना आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है। नेत्र सर्जन ने इससे कोरोनियल अल्सर का खतरा बताते हुए इस कार्य में लगे किसानों व श्रमिकों को जागरूक किया।

इनदिनों गेहूं कटाई के चलते किसान और श्रमिक परिवार खेतों में जुटें हुए हैं। कटाई के दौरान गेहूं की बाली आंखों में लगने की समस्या पैदा हो रही है। कस्बे के चेरिटेबिल एडीके जैन आई हास्पिटल की आई सर्जन डा रूमा गुप्ता ने बताया कि, इससे बना घाव कोरोनियल अल्सर बना देता है। इलाज में देरी के चलते पुतली फटने जैसी समस्या आ सकती है। ऐसे में खेतों से कटाई हो या थ्रेसर से कटाई हो, किसान और श्रमिकों को आंख पर धूप का चश्मा लगाकर काम करना चाहिए।डा रूमा ने बताया कि,इसके लिए सावधानी ,उपचार से बेहतर विकल्प है।

## मतदाताओं का सारथी बना रहा स्वीप बागपत एप ,सवा लाख से ज्यादा वोटर्स ने किया प्रयोग

**संवाददाता नीतीश कौशिक**



**बागपत।** जनपद के मतदाताओं के लिए हर स्तर पर सहायक बना स्वीप बागपत एप। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस एप के माध्यम से मतदाताओं को नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन से जुड़ने में मदद मिली, वहीं नो योर कैंडिडेट, सी विजिल, मतदाता सेवा, दिव्यांग सक्षम, वोटर टर्नआउट आदि फीचर के माध्यम से मतदान प्रक्रिया भी सुगम बनी।

इस दौरान स्वीप एप का प्रयोग करके मतदाताओं ने आचार संहिता उल्लंघन संबंधी घटनाओं को सी विजिल पर रिपोर्ट किया और नियंत्रण कक्ष में भी अपनी शिकायत व सुझाव भेजें। युवा मतदाताओं ने नो योर कैंडिडेट पर प्रत्याशियों के बारे में विवरण संकलित कर अपना मतदान किया। वहीं मतदाता सेवा, दिव्यांग सक्षम सहित अन्य फीचर का भी मतदाताओं ने प्रयोग किया।

स्वीप एप के माध्यम से मतदाताओं को एक क्लिक पर भारत निर्वाचन आयोग की विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हुई ,जो ई गवर्नेंस का मॉडल बना और यह प्रयास सार्थक साबित हुआ। स्वीप एप के माध्यम से आयोग के महत्वपूर्ण अपडेट को मतदाताओं के बीच पहुंचाने में भी मदद मिली, यही कारण है कि मतदाताओं में एप का प्रयोग करने को लेकर उत्साह देखने को मिला। बता दें कि, स्वीप बागपत एप को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लॉन्च किया गया था तथा उस दिन से मतदान तिथि के मध्य लगभग सवा लाख मतदाताओं ने इस एप का प्रयोग किया।

## बारिश और तेज हवा ने बढाई मुश्किलें, देर रात तक पोलिंग पार्टियां जमा कराती रही ईवीएम

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**मतदान कर्मियों की जल्द मतदान सामग्री जमा करने के कोशिशों पर मौसम के मिज़ाज ने पानी फेर दिया ,जिसके चलते घंटो सामग्री जमा करने का कार्य प्रभावित बना रहा।व्यवस्था होने के बाद देर रात तक कर्मचारी चुनाव सामग्री जमा करने में लगे रहे। बागपत लोकसभा में शुक्रवार को मतदान हुआ। बागपत जिले में तीन विधानसभाओं बडौत, छपरौली और बागपत में शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद 979 बूथों की पोलिंग पार्टियां भी ईवीएम मशीन और चुनाव सामग्री को जमा करने के लिए चुनाव संचालन केंद्र पर पहुंचनी शुरू हुई ,लेकिन इसके साथ ही मौसम ने करवट बदली। आसमान में तेज बिजली कडकने के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। जिससे चुनाव सामग्री जमा करने का कार्य प्रभावित बना रहा। कई घंटे बाद चुनावी सामग्री जमा करने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई, तब मतदान कर्मियों ने चुनाव सामग्री जमा करानी शुरू की। देर रात तक मतदानकर्मी मतदान सामग्री जमा करने में लगे रहे।

**बिजली कट के चलते रही परेशानी**

बारिश, तेज हवा और बिजली कडकने के चलते बिजली आपूर्ति भी बाधक रही, जिससे चुनाव संचालन केन्द्र पर काम करने वालों की दुश्वारियां बढी रही। हालांकि मुख्य भवन में जनेरेटर की व्यवस्था भी रही।

**पोलिंग पार्टी सदस्यो के परिजन वाहन लिए करते रहे इंतजार**

ईवीएम जमा करने के बाद पोलिंग पार्टी सदस्यों के परिजन उनको लेने वाहन लेकर चुनाव संचालन केन्द्र पहुंचे थे। बारिश के चलने वे देर रात तक एलिवेटिड रोड के नीचे जमे रहे। वहां उनका बारिश से तो बचाव हुआ, लेकिन अंदर ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया में देरी से वे बेहाल बने रहे।

**क्या बोली एसडीएम**

एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि ईवीएम जमा करने का कार्य सुचारू तरीके से किया गया। सभी ईवीएम स्ट्रांग रूप में रखवाकर सील करा दी गई । कडी सुरक्षा व्यवस्था 4 जून यानि मतगणना के दिन तक बनी रहेगी।

## पुलिस अधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण ,देखी सुरक्षा व्यवस्था, त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।पुलिस** अधिकारियों ने शनिवार को एलसीपी कालेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मतगणना के लिए प्रमुख हाल की भी जांच की।

बागपत लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न हो गया। इसके 979 बूथों के मतदान के बाद बीती देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम मशीने जमा कराई। मशीनों को एलसीपी कालेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। देर रात एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जांचकर आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में शनिवार को सीओ प्रीता सिंह ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा बताया कि, चुनाव प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। कहा कि,आयोग की ओर से आए दिशानिर्देश के अनुपालन में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल लगाया गया है। यहां पर आधी सेक्शन फोर्स लगाई गई है, जो 24 घंटे सुरक्षा में तैनात रहते हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा तीन चक्र में है। अर्धसैनिक बल के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। दूसरे चक्र में पीएसी के जवान हैं तथा बाहरी चक्र में पुलिस व होमगार्ड के जवानों को लगाया गया है। चार जून को परिसर में ही मतगणना होगी। तब तक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## श्री सम्मेद शिखर विधान में चढाये 108 अर्घ्य, जैन संत ने व्यर्थ के क्रिया कलापों से बचने का किया आह्वान

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**





**बडौत।**आचार्यश्री पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आ श्री सौरभ सागर महाराज के सानिध्य मे,श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मन्दिर मंडी बड़ौत में, श्री सम्मेद शिखर विधान का आयोजन किया गया। इस दौरान सोधर्म इंद्र राजेश जैन कल्लू खाद वालों के नेतृत्व में 100 से अधिक इंद्र इंद्राणियो ने विधान मे पूजन की।शांति धारा का सौभाग्य सोधर्म इंद्र राजेश जैन को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के विधानाचार्य संदीप जैन इंदौर के निर्देशन मे जैन श्रद्धालुओ ने अष्ट द्रव्यों से पारसनाथ भगवान का पूजन किया तथा पत्रकार वरदान जैन और शुभम जैन ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये।इसके बाद जैन श्रद्धालुओ ने सम्मेद शिखर विधान का पूजन करते हुए मांडले पर 108 अर्घ्य समर्पित किये।वात्सल्य भोज महेंद्र कुमार मनोज जैन की ओर से किया गया।

विधानमंडल के मध्य मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि,मनुष्यों को सदैव जिनेंद्र भगवान का स्मरण रखना चाहिए।कहा कि, आज व्यक्ति पर सांसारिक सुख सुविधाओं के लिए तो समय है, लेकिन धर्म के लिए नहीं तथा व्यक्ति धर्म को ना अपनाकर व्यर्थ के क्रिया कलापों के पीछे भाग रहा है।उन्होंने धर्म के मार्ग पर आगे बढने का आह्वान किया तथा जिनेंद्र भगवान की भक्ति करते हुए देव शास्त्र गुरु में अपनी आस्था रखने की बात कही। विधान मे सुभाष जैन,अशोक जैन, वरदान जैन, सुधीर जैन, अंकुर जैन, बालकिशन जैन, इंद्राणी जैन,शालू जैन आदि उपस्थित थे।